महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः एम.जे.पी.रू.वि. / कु.स.का. / 2024 / 275 दिनांकः 10.01.2024

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
विश्वविद्यालय परिसर।

2. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।

विषयः **साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ / माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर–2024" में विश्वविद्यालय / संस्थान के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों व युवाओं की प्रतिभागिता कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक डा0 पंकज एल0 जानी, श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांक संख्या ई–8871 / 32–जी0एस0 / 2023 दिनांक 27 दिसम्बर, 2023 के साथ संलग्न प्रबंध न्यासी प्रमुख, साधनाश्री कुटुम्ब न्यास, केन्द्रीय कार्यालयः आद्यशंकराचार्य कुंज, गोमती तट, निकट डालीगंज पुल, हसनगंज, लखनऊ के पत्र दिनांक 19.12.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ / माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर–2024" में विश्वविद्यालय के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों / युवाओं की नैतिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सहज आत्मिक व्यक्तित्व के विकास की अनुभूति हेतु आयोजित एक दिवसीय स्वानुभूति शिविर में प्रतिभागिता हेतु निर्देशित किया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अपने महाविद्यालय / संस्थान से अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन कराकर या कम से कम 100 विद्यार्थियों का पंजीयन कराकर उक्त शिविर में भेजने का कष्ट करें। न्यास शिविर में आने वाले सभी आंगतुकों को 1 दिन व 1 रात्रि का सहयात्री बनायेगा जो कि पंजीयन व्यवस्था के अनुरूप होगा। न्यास प्रयाग संगम क्षेत्र में पंजीकृत आगंतुकों को आवास व भोजन पूर्णतः निःशुल्क प्रदान करेगा। पंजीयन की प्रक्रिया विवरण लिंक फार्म में उल्लिखित व पत्र में संलग्न है।

**पंजीयन लिंकः https://services.sabpaisa.in/pages/svanubhutishivirprayagkumbh.html**

अतः अपेक्षानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें साथ ही कृत कार्यवाही की आख्या अधोहस्ताक्षरी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे समेकित आख्या राजभवन को प्रेषित की जा सके।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

10/01/24

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. डा0 सोमपाल सिहं, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. मीडिया प्रभारी।
3. उप कुलसचिव, सम्बद्धता को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
5. प्रभारी, वेबसाइट।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

SADHANASHRI KUTUMB

LOKनीति

Building Ideas to Transform Nation

# आमंत्रण

## स्वानुभूति शिविर–2024

15 जनवरी-15 फरवरी 2024



# कार्यक्रम विवरण

साधनाश्री कुटुम्ब एक आध्यात्म प्रेरित स्वैच्छिक सेवा संस्थान/संगठन है,जो विगत वर्षों की भाँति तीर्थराज प्रयाग कुंभ/माघ मेला संगम क्षेत्र में सभी उच्च शिक्षा में अध्ययन कर रहे देश व प्रदेश के युवाओं व सामान्य जनमानस हेतु ''स्वानुभूति शिविर'' आयोजित करता है। जिसमें कुटुम्ब उनके नैतिकता,आध्यात्मिकता,संस्कार,ध्यान,योग,व्यक्तित्व निर्माण,पर्यावरण जागरूकता,संस्कृति-सभ्यता,प्रयाग की प्राचीन पौराणिकता का दर्शन अनुभूति,राष्ट्रवादी व्यक्तित्व निर्माण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संगम क्षेत्र में कैंप/शिविर लगाकर कार्यशाला दी जाती है। कुटुम्ब इस वर्ष भी विगत वर्ष की ही भांति प्रयाग कुंभ/माघ मेला संगम क्षेत्र में ''स्वानुभूति शिविर-2024'' आयोजित कर रहा है। कुटुम्ब आप सभी को सादर आर्मंत्रित कर रहा है। शिविर में भाग लेने हेतु आनलाइन पंजीयन अनिवार्य है। अतः आप सभी से सादर अनुरोध है कि इस पुनीत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कर सहभाग करें.....

## !! सत्र विवरण !!

- प्रातः ब्रम्ह मुहूर्त जागरण
- योग सत्र
- ध्यान एवं आत्मा संवाद सत्र
- पवित्र संगम स्नान सत्र
- साधना एवं उपासना सत्र
- तीर्थराज प्रयाग देव दर्शन व मेला क्षेत्र भ्रमण सत्र
- आध्यात्मिक ज्ञान सत्संग सत्र
- चर्चा परिचर्चा/ जिज्ञासा समाधान सत्र
- हास्य विनोद/आनन्दशाला सत्र
- संस्कार एवं मौलिक कर्तव्य बोध सत्र

## !! सूचनाएं !!

- शिविर में प्रवेश हेतु पंजीयन अनिवार्य है।
- प्रत्येक पंजीयन पर शिविर की अवधि 1 दिन व 1 रात्रि की होगी।
- एक शिविर करने के पश्चात रुचि अनुसार दूसरे शिविर में प्रवेश पाने हेतु संस्थान से अनुमति अवश्य लें।
- शिविर में पंजीयन के उपरान्त भोजन व आवास पूर्णातः निःशुल्क होगा।
- शिविर में कोई कीमती वस्तु लाने पर उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
- पंजीयन सहयोग राशि युवाओं व विद्यार्थियों हेतु-1100/-रू. एवं अन्य सामान्य जनमानस हेतु-2100/-रु.
- पूर्ण पंजीयन के उपरान्त व्हाट्सएप नम्बर 7565979695 पर पंजीयन फार्म का स्क्रीनशॉट अवश्य भेजे।
- पंजीयन क्रमांक के अनुसार पंजीकृत व्हाट्सएप नम्बर पर शिविर में आने हेतु दिनांक व समय भेजा जायेगा तभी शिविर में आना है।
- पंजीयन हेतु लिंक - https://services.sabpaisa.in/pages/svanubhutishivirprayagkumbh.html

# !! विशेष संवाद कार्यक्रम !!

प्रत्येक सायं

# धर्म-संस्कृति की राष्ट्रनीति

ऋषि व कृषि परम्परा पर भारत वर्ष के विभिन्न क्षेत्रों के महान विभूतियों के साथ संवाद....

केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा शिविर में आए आगंतुको व **धर्म-संस्कृति की राष्ट्रनीति** संवाद कार्यक्रम में प्रतिभागी को प्रोत्साहन व सम्मान हेतु **प्रशस्ति-पत्र** भी प्रदान किया जायेगा।



SCAN ME

**पंजीयन हेतु QR**

**+91-7565979695**

SK4Bharat/Sadhanashri Kutumb | sk4bharat@gmail.com | www.sk4bharat.org




# कार्यक्रम स्थल

**"आगामी कुम्भ/माघ मेला–2024"**

**तीर्थराज प्रयाग के पावन संगम क्षेत्र में...**

शिविर हेतु कैम्प कार्यालय-7बी/026, जागृति भवन, नियर सिविल हास्पिटल, हजरतगंज - लखनऊ